कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), रामपुर।
14 एम0एल0डी0, एस0टी0पी0, घाटमपुर–रामपुर–244901

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
DIVISION OFFICE, U.P. JAL NIGAM (RURAL), RAMPUR.
14 MLD STP, GHATAMPUR, RAMPUR-244901
Email- executiveengineerrampur@gmail.com

पत्रांक: 782 / जे0जे0एम0/ 19 दिनांक 05/12/2025

## दिनांक 02.12.2025 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्ता समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।

**उपस्थिति अधिकारीगणः–**

1. जिलाधिकारी, रामुपर –अध्यक्ष।
2. मुख्य्य विकास अधिकारी, रामपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)।
4. जिला पंचायती राज अधिकारी।
5. समस्त सहायक अभियन्ता/जुनियर इंजीनियर।
6. टी0पी0आई0।

बैठक की कार्यवाहीः

दिनांक 02.12.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM), रामपुर की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक में जनपद रामपुर में क्रियान्वित जल जीवन मिशन (JJM) की विभिन्न योजनाओं हेतु समय विस्तार (Extension of Time-EOT) के प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया गया।

संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ योजनाओं में कार्य निष्पादन मे विलंब अप्रत्याशित स्थल संबंधी कठिनाईयों, सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धता में अस्थायी बाधाओं, अन्य विभागों के साथ समन्वय संबंधी समस्याओं तथा कार्यदायी संस्था के नियंत्रण से बाहर प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से हुआ है एवं जनपद में स्वीकृत 564 नग योजनाओं पर वर्तमान में 50 प्रतिशत ही धनावंटन हुआ है।

यह भी अवगत कराया गया कि उक्त योजनाएं विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं तथा शेष कार्यों को जल जीवन मिशन के मानकों एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप पूर्ण किये जाने हेतु समय विस्तार आवश्य है।

**निर्णयः**

1. जिला एवं स्वच्छता समिति (DWSM), रामपुर द्वारा संबंधित जल जीवन मिशन योजनाओं हेतु समय विस्तार (EOT) के प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया।
2. अनुमोदित प्रस्तावों को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को अग्रसारित किये जाने का निर्णय लिया गया।
3. कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि विस्तारित अवधि के भीतर समस्त शेष कार्यो को समयवद्ध एवं गुणवत्तापूर्वण ढंग से पूर्ण किया जाये।
4. योजनाओं की नियमित समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।



Scanned with CamScanner

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), रामपुर।
14 एम0एल0डी0, एस0टी0पी0, घाटमपुर–रामपुर–244901

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
DIVISION OFFICE, U.P. JAL NIGAM (RURAL), RAMPUR.
14 MLD STP, GHATAMPUR, RAMPUR-244901
Email- executiveengineerrampur@gmail.com

समापनः

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अनुमोदित प्रस्तावों को शीघ्र SWSM को प्रेषित किया जाये तथा योजनाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाये, जिससे जल जीवन मिशन के उद्देशय की पूर्त समयबद्ध रूप से की जा सके।

अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी।

(मोहित विक्रम सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सचिव, जिला पेयजल एवं
स्वच्छता समिति।

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोक्तः–

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, रामपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, रामपुर।
4. मुख्य अभियन्त (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
7. सस्त सहायक अभियन्ता/जुनियर इंजीनियर, खण्डान्तर्गत।
8. समस्त कार्यरत एजेंसी।
9. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14, जनपद–रामपुर

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सचिव, जिला पेयजल एवं
स्वच्छता समिति।



Scanned with CamScanner